>

Title : Need to review the proposed shifting of Centre for Railway

Information System from Hajipur, Bihar to Kolkata.

**प्रो. रंजन प्रसाद यादव (पाटलिपुत्र):** मैं रेल मंत्री जी का ध्यान रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र हाजीपुर, पूर्व-मध्य रेलवे को कोलकाता में स्थानांतरित किए जा रहे प्रयासों की ओर दिलाना चाहता हूं।

यहां नया डाटा सर्वर लगाने की योजना थी एवं उसके अनुसार पूर्व-मध्य रेलवे सारी आधारभूत संरचनाओं में काफी निवेश कर चुका है।

इस केन्द्र के कोलकाता स्थानांतरित होने पर जो सुविधाएं पूर्व-मध्य रेलवे, हाजीपुर को मिली थी, उसमें काफी कमी आ जाएगी और कोलकाता पर निर्भरता बढ़ जाएगी। पूर्व-मध्य रेलवे से भारी संख्या में यात्रियों द्वारा अनारक्षित टिकट प्रणाली टिकटों को उपयोग में लाया जाता है। अतः इससे यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि छोटी से छोटी त्रुटियों का समाधान करने के लिए कोलकाता पर निर्भर रहना होगा।

पटना जोकि स्वयं एक मेट्रो शहर का दर्जा पाने की ओर अग्रसर है, यहां पर सूचना आधारित केन्द्रों का रहना अनिवार्य है।

वर्तमान रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र कोलकाता को पटना से हटाने का निर्णय जनसुविधाओं के अनुकूल नहीं है।

अतः इस निर्णय को स्थगित कर कार्यालय को बनाए रखा जाए।